# चित्रकूट-पुलिस

**(1).** नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, महिला सशक्तिकरण, महिला कल्याण एवं बाल विकास के प्रति चलाये जा रहे "मिशन शक्ति अभियान-4" के तत्वाधान में जनपद के समस्त थानों की एण्टी रोमियों टीमों/''शक्ति दीदी'' द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थल एवं ग्रामों में भ्रमण कर महिला एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के प्रति जागरुक किया गया।

"मिशन शक्ति अभियान-4" व ''शक्ति दीदी'' अभियान के तहत आज दिनांक 11.02.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरूण कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद में नोडल अधिकारी मिशन शक्ति क्षेत्राधिकारी राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय के पर्यवेक्षण में समस्त थाना क्षेत्रो में एण्टी रोमियों टीमों द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थलों एवं ग्रामो में भ्रमण किया गया । महिलाओं/बालिकाओँ को "मिशन शक्ति" व ''शक्ति दीदी'' के सार्वजनिक स्थलो जैसे-चौराहे, बाजारों को असामाजिक तत्वों से मुक्त कराये जाने तथा महिलाओ एवं बालिकाओं के साथ राह चलते छेडखानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन तथा अभद्र टिप्पणियाँ इत्यादि की घटनाओं को रोकने के लिये जागरुक किया गया तथा महिला/बालिकाओं को सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे यू0पी0-112 नम्बर/वूमेन पावर लाइन 1090/यूपी कॉप एप/181 महिला हेल्प लाइन/1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन/1098 चाइल्ड हेल्प लाइन/102 स्वास्थ्य सेवा/108 एम्बूलेन्स सेवा/1930 साइबर हेल्पलाइन के बारे में जानकारियां दी गई । इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हैल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है । इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओ को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया । इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित "एंटी रोमियो स्क्वायड" टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों यथा- स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चैकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदो/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की।

**(2).** आज दिनाँक 11.02.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह निर्देशन में महाकुंम्भ 2025 प्रयागराज को सकुशल संपन्न कराने के दृष्टिगत एवं शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखने हेतु चित्रकूट पुलिस के थाना/चौकी प्रभारियो द्वारा थाना/चौकी क्षेत्र के मिश्रित आबादी क्षेत्र एवं भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त किया गया पुलिस टीमों द्वारा दुकानदारों, व्यापारीबंधुओँ एवं क्षेत्रीय नागरिको से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया। पैदल गस्त के दौरान पुलिस टीम द्वारा सड़क पर हो रहे अतिक्रमण, शराब की दुकान, रेलवे स्टेशनों,होटल/ढाबो, 02/04 पहिया वाहन एवं संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग तथा बार्डर पर बैरियर लगाकर संदिग्ध वाहनों/व्यक्तियों की चेंकिग की गयी।

**(3).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में गुमशुदा/अपहृतों की बरामदगी हेतु चलाये जा रहे ऑपरेशन मुस्कान के क्रम में चौकी प्रभारी मण्डी समिति तथा उनकी टीम द्वारा गुमशुदा बच्चे को सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया गया।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 09.02.2025 को वादी श्री भीमसेन सिंह पुत्र चन्द्रशेखर सिंह निवासी गदाखान थाना बहिलपुरवा हाल पता कसहाई रोड कुंजनपुरवा थाना कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट द्वारा सूचना दिया गया कि मेरा पुत्र अंश प्रताप सिंह उर्फ वैभव उम्र 13 वर्ष घर से बिना बताये चला गया इस पर थाना कोतवाली कर्वी में मु0अ0सं0 82/2025 धारा 137(2) बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया तथा विवेचना उ0नि0 श्री श्याम देव सिंह को सुपुर्द की गयी । उ0नि0 श्री श्याम देव सिंह व उनकी टीम द्वारा अथक प्रयास करते हुए आज दिनाँक 11.02.2025 को गुमशुदा बच्चा अंश प्रताप सिंह उर्फ वैभव को सकुशल बरामद कर परिजन को सुपुर्द किया गया। बच्चे को पाकर परिजन के चेहरे पर लौटी मुस्कान एवं पुलिस की सक्रियता के लिये धन्यवाद प्रकट किया।

**<u>बरामदगी करने वाली टीमः-</u>**

1. उ0नि0 श्री श्याम देव सिंह चौकी प्रभारी मण्डी समिति
2. आरक्षी कुलदीप द्विवेदी

**(4).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में चलाए जा रहे ऑपरेशन मुस्कान के क्रम में आज दिनाँक 11.02.2025 को यमुना पुत्र बलिराम निवासी पुणे महाराष्ट्र द्वारा सूचना दिया गया कि जिला अस्पताल सोनेपुर कर्वी में मेरा मरीज भर्ती था दौराने इलाज उसी समय अचानक कही पर मेरा VIVO मोबाइल खो गया। इस पर चौकी जिला अस्पताल सोनेपुर में मौजूद उ0नि0 श्री अशोक सिंह व उनकी टीम द्वारा सीसीटीवी फुटेज को चेक किया गया तो व्यक्ति का मोबाइल वाहन पार्किंग के पास गिरा हुआ मिला। मोबाइल को देखकर व्यक्ति पहचान गया। इस पर व्यक्ति द्वारा चित्रकूट पुलिस की भूरी भूरी प्रशंसा की गयी।

**<u>सुपुर्द/बरामद करने वाली टीम-</u>**

1.उ0नि0 श्री अशोक सिंह
2.आरक्षी संजीव कुमार

**(5).** आज दिनाँक 11.02.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह द्वारा अपर जिलाधिकारी श्री उमेश चन्द्र निगम एवं अपर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री चक्रपाणि त्रिपाठी की उपस्थिति में महाकुंभ 2025 व माघी पूर्णिमा को सकुशल संपन्न कराए जाने हेतु रामघाट,निर्मोही अखाड़ा,यूपीटी तिराहा,बेड़ी पुलिया का भ्रमण कर यातायात व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा महाकुंभ में पूरे देश से श्रद्धालुओं के आगमन के दृष्टिगत जनपद चित्रकूट में श्रद्धालुओं द्वारा माँ मंदाकिनी में स्नान एवं भगवान कामतानाथ जी की परिक्रमा,हनुमानगढ़ी का दर्शन,गुप्त गोदावरी मंदिर के दर्शन के मद्देनजर पुलिस विभाग,राजस्व विभाग,नगर पालिका एवं स्वास्थ्य विभाग लगातार ड्यूटी पर कार्यरत है। यातायात व्यवस्था बनाये रखने के लिए 11 जनवरी से लेकर महाकुंभ समाप्ति तक के लिए तीन पार्ट में ड्यूटी को लगाया गया है जो निरन्तर चल रही है। भीड़ भाड़ को देखते हुए होल्डिंग एरिया व बैरियरों पर प्रयाप्त पुलिस बल की समुचित व्यवस्था की गयी है। जिससे जनपद में आने वाले श्रद्धालुओं को सुगम यातायात व सुरक्षित माहौल बना रहे। वाहनों के लिए प्रयाप्त मात्रा में पार्किंग की व्यवस्था की गयी है। साथ ही साथ पुलिस कर्मियों को सतर्कता पूर्वक ड्यूटी करने तथा श्रद्धालुओं से विनम्रतापूर्वक व्यवहार करने हेतु बताया गया। भ्रमण के दौरान चौकी क्षेत्राधिकारी नगर श्री राज कमल,प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी श्री उपेन्द्र प्रताप सिंह, प्रभारी सीतापुर श्री अनिल गुप्ता,पीआरओ श्री प्रदीप पाल उपस्थित रहे।

**(6).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अपराध पर अंकुश लगाने हेतु अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर श्री दुर्गविजय सिंह द्वारा भोली भाली जनता में भय आतंक फैलाकर गुंडागर्दी करने वाले अभियुक्त 1. छोटेलाल 2.भरतलाल पुत्रगण शम्भू 3.संतलाल पुत्र बिन्दा 4.धर्मेन्द्र पुत्र संतलाल 5.अजय पुत्र रामबहोरी 6.हुसनलाल पुत्र बिन्दा 7.हिमांशू पुत्र भोण्डा निवासीगण कुबरी रानीपुर थाना मानिकपुर जनपद चित्रकूट के विरुद्ध धारा 129 बीएनएसएस की कार्यवाही की गयी।

**(7).** आयुक्त चित्रकूट धाम मंडल बांदा श्री अजीत कुमार की अध्यक्षता में पुलिस उप महानिरीक्षक परिक्षेत्र बांदा श्री अजय कुमार सिंह, जिलाधिकारी चित्रकूट श्री शिवशरणप्पा जी०एन० व पुलिस अधीक्षक श्री अरुण कुमार सिंह की उपस्थिति में महाकुंभ मेला प्रयागराज 2025 व माध पूर्णिमा मेले को सकुशल संपन्न कराने के लिए बैठक कलेक्टर सभागार में संपन्न हुई। जिलाधिकारी ने मंडला आयुक्त को पूर्व बैठक में दिए गए निर्देशों को अवगत कराते हुए कहा कि होल्डिंग एरिया एवं ट्रैफिक रामघाट, बेडीपुलिया व बॉर्डर पर लगातार भ्रमणशील होकर मेले को सकुशल संपन्न कराने के लिए पूरी टीम के साथ लगे हुए हैं। मंडला आयुक्त ने कहा कि रामघाट पर साफ सफाई मोबाइल टॉयलेट रहनी चाहिए एवं सीसीटीवी कैमरा कंट्रोल रूम से लगातार संचालित रहना चाहिए। उन्होंने अधिशासी अधिकारी कर्वी को निर्देशित किया कि कोई भी समस्या होती है तो जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक को बताएं। होल्डिंग एरिया के संबंध में संबंधित उप जिला अधिकारी को निर्देशित किया कि होल्डिंग एरिया में साफ सफाई, प्रकाश व मोबाइल टॉयलेट की व्यवस्था होनी चाहिए कहा कि आग लगने की स्थिति में फायर ब्रिगेड की व्यवस्था भी सुनिश्चित कराएं।उन्होंने विद्युत विभाग को निर्देशित किया की रात में बिजली की सप्लाई बनी रहनी चाहिए अगर कोई ट्रांसफार्मर खराब हो तो अति शीघ्र बदलें। उन्होंने फूड सेफ्टी को भी निर्देशित किया कि लगातार खाद्य पदार्थों पर छापेमारी कर सैंपलिंग करते रहें। एआरटीओ को निर्देशित किया कि अतिरिक्त बसें के साथ क्रेन की भी व्यवस्था रहनी चाहिए कहां की गठित दलों के माध्यम से लगातार पेट्रोलियम भी करते रहें सड़क पर गाड़ियां खड़ी नहीं होनी चाहिए उसे तत्काल हटवाए। अधिशासी अभियंता जल संस्थान को निर्देशित किया कि जगह-जगह पर टैंकरों के माध्यम से पानी की व्यवस्था सुनिश्चित कराएं।मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया की होल्डिंग एरिया स्टेशन पर दवाओ के साथ एंबुलेंस व स्टाफ भी रखें। अपर जिला अधिकारी वित्त एवं राजस्व को निर्देशित किया कि सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं जोनल मजिस्ट्रेट समन्वय बनाकर कार्य करें एवं आप लोग भी मॉनिटिरिग करते रहें कहा कि जब तक कोई प्रतिस्थानी न आए तब तक ड्यूटी से न हटे कहा कि जितना अलर्ट रहेंगे घटना नहीं होगी। कहा कि नजर कान दिमाग काम पर रहनी चाहिए।उन्होंने कहा कि जो पिछला मेला संपन्न हुआ है वह अच्छा हुआ मैं सभी को बधाई देता हूं कहा कि सभी डिपार्टमेंट कोऑर्डिनेटर कर मेला को सकुशलसंपन्न कराए।

पुलिस उपमहानिरीक्षक श्री अजय कुमार सिंह ने कहा कि बसंत पंचमी के बाद भी श्रद्धालु आ रहे हैं इसको देखते हुए माननीय मुख्यमंत्री जी ने मीटिंग में जो दिशा निर्देश दिए हैं कि 26 फरवरी तक हमें अलर्ट रहने की जरूरत है कहा कि जो श्रद्धालु आ रहे हैं, अच्छे से ट्रैवलिंग कर अपने गंतव्य को पहुंचे। क्रेन की भी व्यवस्था होनी चाहिए ताकि गाड़ियां खराब होने पर तत्काल उसे हटाए एंबुलेंस राउंड लेती रहनी चाहिए। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं से अच्छी तरह से व्यवहार कर रूट को बताएं किसी प्रकार की श्रद्धालुओं को समस्या नहीं होनी चाहिए। रामघाट व परिक्रमा मार्ग पर भीड़ रहेगी वहां पर साफ सफाई अच्छी होनी चाहिए। उन्होंने अधिशासी अधिकारी कर्वी को निर्देशित किया कि नाव संचालन के लिए नाव का रजिस्ट्रेशन एवं किराया निर्धारित हो एवं नविको का पास बना हो नाव पर सेफ्टी मेजर जरूर होनी चाहिए नाव पर कितनी क्षमता हो उतनी बैठाएं गोताखोर प्रशिक्षित लगे।रेलवे स्टेशन से भी समन्वय बनाकर रखें।उन्होंने सोशल मीडिया पर जिला अधिकारी व पुलिस अधीक्षक से कहा कि प्रतिदिन ब्रीफिंग करते रहें एवं जिला सूचना अधिकारी को भी निर्देशित किया कि इसकी मॉनीटरिंग करते रहें।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि बेडी पुलिया धनुष चौराहा पटेल तिराहा व अंतर राज्यीय /अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं पर बैरियर लगाकर वाहनों पर नजर रखी जा रही हैं ट्रैफिक पुलिस भी सक्रिय होकर कार्य कर रही है।

जिलाधिकारी ने मंडला आयुक्त व पुलिस उप महा निरीक्षक परिक्षेत्र बांदा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जो दिशा निर्देश दिया जा रहा है उसको पूरी टीम के साथ कार्य करेंगे एवं जो दिशा निर्देश ऊपर से आएगा उसका भी पालन किया जाएगा।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित एवं राजस्व उमेश चंद्र निगम, अपर पुलिस अधीक्षक श्री चक्रपाणि त्रिपाठी, उप जिलाधिकारी मानिकपुर मोहम्मद जसीम, मऊ श्री सौरभ यादव, राजापुर श्री आलोक कुमार सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर भूपेश द्विवेदी, पुलिस क्षेत्राधिकारी श्री राज कमल, जिला पंचायत राज अधिकारी श्री इंद्र नारायण सिंह, अधिशासी अधिकारी कर्वी श्री लालजीत यादव सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित है।

**(8).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री चक्रपाणि त्रिपाठी के निर्देशन में वांछित/वारंटी अभियुक्तो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में चित्रकूट पुलिस ने 03 वारण्टी अभियुक्त को गिरफ्तार किया।

(i).चौकी प्रभारी सीतापुर उ0नि0 श्री अनिल कुमार गुप्ता मय हमराह आरक्षी अभिषेक प्रताप सिंह द्वारा मु0अ0सं0 72/2025 धारा 137(2) बीएनएस के वांछित अभियुक्त मिथुन यादव पुत्र झग्गुल उर्फ संजय यादव निवासी ग्राम पोखरी मजरा कौबरा थाना रैपुरा जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया।

(ii). उ0नि0 मेवालाल मौर्य चौकी सीतापुर मय हमराह आरक्षी अनुज यादव व महिला आरक्षी वर्षा द्वारा मु0अ0सं0 77/2025 धारा 80(2), 85 बीएनएस व ¾ डीपी एक्ट के वांछित अभियुक्ता ऊषा देवी पत्नी युवराज पटेल निवासी चितरागोकुलपुर थाना कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया।

(iii). उ0नि0 श्री राहुल पाण्डेय थाना भरतकूप द्वारा मु0नं0 2495/2020 मु0अ0सं0 56/2007 धारा 279,337,304ए के वारण्टी अभियुक्त दिनेश कुमार पुत्र सुखराम निवासी अकबरपुर थाना भरतकूप जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया।

**(9).**आज दिनाँक 11.02.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक श्री चक्रपाणि त्रिपाठी के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी मऊ श्री यामीन अहमद के मार्गदर्शन में द्वारा थानाध्यक्ष बरगढ़ श्री पंकज तिवारी,उ0नि0 श्री राजेश यादव,आरक्षी उमेश यादव,आरक्षी पीयूषसरन श्रीवास्तव, महिला आरक्षी अनीता एवं द्वारा जनसहयोग से महाकुंभ 2025 प्रयागराज से जनपद चित्रकूट में आये हुए श्रद्धालुओं व होल्डिंग एरिया में ठहरे हुए श्रद्धालुओं को सांभर,चावल व आचार का अल्पाहार भोजन कराया गया। आये हुए श्रद्धालुओं द्वारा चित्रकूट पुलिस की भूरी –भूरी प्रसंशा की गयी।

**(10).** आज दिनाँक-11.02.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री चक्रपाणि त्रिपाठी एवं पुलिस उपाधीक्षक एलआईयू श्री अजेय कुमार शर्मा के पर्यवेक्षण में प्रभारी एलआईयू श्री नागेन्द्र भूषण पाण्डेय के मार्ग दर्शन में एस-चेक टीम चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा एवं डॉग स्क्वायड एवं एलआईयू चित्रकूट की संयुक्त टीम द्वारा सुरक्षा सतर्कता के दृष्टिगत रेलवे स्टेशन कर्वी, बस स्टैण्ड़ कर्वी के आस पास का क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्ति/वस्तुओं की चैकिंग की गयी*